न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) एक्ट, हमीरपुर।
पीठासीन अधिकारी- रनवीर सिंह (उच्चतर न्यायिक सेवा)
J.O. Code -UP 6459
सत्र वाद संख्या- 235/2024
राज्य बनाम् सुरेन्द्र यादव आदि

मु०अ०सं० 293/2023
धारा- 323,504 आईपीसी व 3(1)द,
3(1)ध,3(2)va एससीएसटी एक्ट
थाना- बिंवार जिला हमीरपुर।

<u>दिनांक-27.02.2026</u>

उपरोक्त पत्रावली पेश हुयी। पुकार पर अभियुक्त सुरेन्द्र यादव गैर हाजिर है। उपरोक्त अभियुक्त सुरेन्द्र यादव पुत्र भोजराज यादव निवासी ग्राम लोधामऊ थाना बिंवार जनपद हमीरपुर को उपरोक्त मामले में पूर्व में फरार घोषित किया जा चुका है जिसके कारण धारा 299 दं० प्र० सं० के तहत अभियुक्त की अनुपस्थिति में अभियोजन साक्ष्य अंकित किया जा सकता है। अभियोजन द्वारा इस स्तर पर कोई साक्ष्य प्रस्तुत न करने का कथन किया है।

सत्र वाद संख्या 235/2024 राज्य बनाम सुरेन्द्र यादव आदि मुकदमा अपराध संख्या-293/2023 धारा-323,504 आईपीसी व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)va एससीएसटी एक्ट थाना बिंवार जिला हमीरपुर के मामले में **अभियुक्त सुरेन्द्र यादव पुत्र भोजराज यादव निवासी ग्राम लोधामऊ थाना बिंवार जनपद हमीरपुर के विरुद्ध पूरे भारतवर्ष के लिये स्थायी गैरजमानतीय वारंट जारी किया जाता है।** संबंधित थाना उक्त अभियुक्त का तस्करा लाल स्याही से फरारी रजिस्टर में अंकित करें। अभियुक्त जब भी गिरफ्तार होकर न्यायालय से समक्ष प्रेषित हो या स्वयं आत्मसमर्पण करे या किसी अन्य माध्यम से न्यायालय के समक्ष लाया जाये तो विधिक कार्यवाही पुनः अमल में लायी जाये। पत्रावली पर इस आशय का लेबल चस्पा हो कि मूल प्रपत्र व महत्वपूर्ण दस्तावेज को नष्ट नही किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के सूचित किया जाये। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(रनवीर सिंह)
अपर सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी)एक्ट,
हमीरपुर।

Digitally signed by Ranveer Singh
Date: 2026.04.23 11:19:03 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court